Date: 20-11-2020
Event: NSS volunteer got selected for the Pre-Republic Day Parade.
Highlight: Principal Dr Mandeep Sharma congratulated the Volunteer and Coordinator of NSS.

स्वयंसेवी यशवंत प्री-रिपब्लिक डे परेड के लिए चयनित

9 नवम्बर को जिला स्तर पर राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित शिविर के आधार पर हुआ चयन

बंजार, 20 नवम्बर (लक्ष्मण): राजकीय महाविद्यालय बंजार की एन.एस.एस. इकाई के होनहार और सक्रिय स्वयंसेवी यशवंत जोशी का प्री-रिपब्लिक डे परेड शिविर दिल्ली के लिए चयन हुआ है। स्वयंसेवी का चयन होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मंदीप शर्मा एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रोफैसर मोनिका नेगी ने खुशी जताई है और स्वयंसेवी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी का चयन होने से महाविद्यालय और बंजार क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। 26 जनवरी को राजपथ पर राष्ट्रीय सेवा योजना की एक टुकड़ी परेड करते हुए गुजरती है जिसके लिए स्वयंसेवियों का चयन विभिन्न स्तर पर प्री-रिपब्लिक डे परेड शिविर में ड्रिल और सांस्कृतिक आधार पर परख द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि 9 नवम्बर को जिला स्तर पर राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित किए गए शिविर से चयनित होने के बाद 12 नवम्बर को प्रांत स्तरीय शिविर संजौली कालेज में आयोजित किया था। उन्होंने कहा कि इस शिविर में चयनित होने के बाद अब यशवंत जोशी राष्ट्रीय स्तर के एन.एस.एस. प्री-रिपब्लिक डे परेड शिविर जोकि दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, में हिस्सा लेंगे।